राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम : सामाजिक विज्ञान

पाठ 07 : ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लोकप्रिय जन प्रतिरोध

कार्यपत्रक - 08

1. 1857 से पहले औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लोकप्रिय प्रतिरोध आंदोलनों के कारणों की व्याख्या कीजिए।
2. भारत के मानचित्र पर उन स्थानों के नाम तथा स्थान चिन्हित कीजिए जहाँ 19वी शताब्दी में किसान और जनजातीय विद्रोह हुए थे।
3. बंगाल में किसानों ने इंडिगो खेती न करने के लिए आंदोलन क्यों चलाया? कारण लिखिए।
4. अंग्रेजों की आक्रमक आर्थिक नीतियों ने भारत की पारंपरिक कृषि व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया और किसानों की हालत खराब कर दी। वर्णन कीजिए।
5. विभिन्न क्षेत्रों के आदिवासी समूहों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह क्यों किया? कारण लिखिए।
6. उन मुद्दों का वर्णन कीजिए जिनके कारण 1857 का विद्रोह हुआ।
7. मुंडा विद्रोह में बिरसा मुंडा की भूमिका की व्याख्या कीजिए।
8. भारत के मानचित्र पर उन प्रमुख शहरों को चिन्हित कीजिए जिन्होंने 1857 के विद्रोह में भाग लिया था।
9. 1857 के विद्रोह के आर्थिक कारणों की व्याख्या कीजिए।
10. अंग्रेज भारतीय लोगों की भावनाओं के प्रति बहुत संवेदनशील नहीं थे। विश्लेषण कीजिए ।